10.11.2016

प्रेस विज्ञप्ति

# माननीय मानव संसाधन विकास राज्यमंत्री श्री एम.एन. पाण्डे जामिया के वार्षिक दीक्षांत समारोह–2016 में मुख्य अतिथि होंगे

उन 4,627 विद्यार्थियों को जिन्होंने विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों/विभागों/केन्द्रों से वर्ष 2015 में एम.फ़िल, एम.ए., बी.ए. और डिप्लोमा पाठ्यक्रम पूर्ण किया है उन्हें शुक्रवार, दिनांक 11 नवम्बर, 2016 को प्रातः 11:00 बजे आयोजित होने वाले विश्वविद्यालय के वार्षिक दीक्षांत समारोह में डिग्री और डिप्लोमा प्रदान किए जाएंगे, जिसके मुख्य अतिथि श्री एम.एन. पाण्डे, माननीय मानव संसाधन विकास राज्यमंत्री (उच्चतर शिक्षा) होंगे।

विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों के 169 टॉपर्स विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे। पीएच.डी की डिग्री उन 263 शोध छात्रों को प्रदान की जाएंगी जिनके परिणाम अक्टूबर, 2016 तक अधिसूचित किए जा चुके हैं। समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय के मंसूर अली ख़ान पटौदी खेल परिसर में किया जाएगा।

प्रो. एम.सी. मिश्रा, निदेशक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, दीक्षांत समारोह में विशिष्ठ अतिथि होंगे। यह दीक्षांत समारोह संयोगवश 'राष्ट्रीय शिक्षा दिवस' के मौके पर ही आयोजित किया जा रहा है जोकि स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री और भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की जयंती है जिसे पूरे देश में उनकी स्मृति में मनाया जा रहा है। अबुल कलाम आज़ाद जामिया मिल्लिया इस्लामिया के 1920 में संस्थापक सदस्य थे।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कुलपति, प्रो. तलत अहमद, इस अवसर पर अपना वक्तव्य देंगे।

इस दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) श्री एम.ए. ज़की, सम–कुलपति, प्रो. शाहिद अशरफ़, कुलसचिव श्री ए.पी. सिद्दिक़ी, आईपीएस, डीन, विभागाध्यक्ष, केंद्रों के निदेशक, संकाय सदस्य और विद्यार्थी शामिल होंगे।

प्रो. साइमा सईद
मानद उप मीडिया समन्वयक
मो. 9891 22 7771